राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बीदासर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी : अमीलाल यादव (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या- 62/2025

दायरा तिथि : 5-5-2025

निर्णय :- 30-10-25

रेखाराम बनाम राजरस्थान सरकार आदि

प्रार्थना–पत्र अंतर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 बाबत रिकॉर्ड दुरुस्ति

निर्णय

प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि वादी रेखा राम पुत्र बुद्धर राम जाति जाट निवासी ग्राम दूंकर तहसील बीदासर जिला चूरू राजस्थान ने उक्त धारा के तहत एक प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि रोही ग्राम दूंकर तहसील बीदासर में खेत खाता नम्बर नया 107, पुराना 216 खसरा संख्या 240 तादादी 5.7035 हेक्टेयर, खसरा संख्या 380 तादादी 5.5644 हेक्टेयर, खसरा संख्या 690/169 तादादी 1.0370 हेक्टेयर, खसरा संख्या 691/165 तादादी 1.8464 हेक्टेयर कुल चार खसरान कुल तादादी 14.1513 हेक्टयर स्थित है जिसमें वादी का 1/80 हिस्सा निहित है। उक्त खेत खसरान की भूमि में वादी का नाम मुकेश पुत्र बुद्धरराम दर्ज चला आ रहा है, वह गलत है, जबकि वादी का सही नाम रेखा राम पुत्र बुद्धर राम है। जो सही है, जो वर्तमान राजस्व रेकॉर्ड में सही किया जावे आदि–आदि वाद पेश किया। वाद दर्ज कर प्रतिवादीगण 1 ता 16 को जरिए नोटिस तलब किया गया, प्रतिवादीगण चुकी देवी, कल्पना, कुसुम, जमना, परमा, रामकिशन, रामलाल, लिछमा उपस्थित हुए जिन्होंने इकबालिया जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वादी का वास्तविक नाम रेखा राम पुत्र बुद्धर राम है न कि मुकेश पुत्र बद्धरराम। अतः गलत नाम मुकेश पुत्र बुद्धरराम की बजाए सही नाम रेखा राम पुत्र बुद्धर राम किया जावे।

पैरोकार सरकार की ओर से तहसीलदार उपस्थित होकर अपना जवाब पेश कर वादी अपना नाम शुद्ध करवाये तो हमें आपत्ति नहीं है। प्रतिवादीगण संख्या 5, 6, नाबालिग जरिये माता चूकी देवी उपस्थित व शेष प्रतिवादीगण 7,9,11,15 बावजूद सम्मन के उपस्थित नहीं अतः उनके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही किये जाने का आदेश दिया गया है। वादी ने दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता की पास बुक, पासपोर्ट, राशन कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, जन आधार कार्ड आदि की फोटो प्रतियां प्रस्तुत की जिन सभी में मुकेश पुत्र बुद्धरराम की बजाए रेखा राम पुत्र बुद्धर राम अंकित है।

अतः राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत जमाबन्दी ग्राम दूंकर तहसील बीदासर में खेत खाता नम्बर नया 107, पुराना 216 खसरा संख्या 240 तादादी 5.7035 हेक्टेयर, खसरा संख्या 380 तादादी 5.5644 हेक्टेयर, खसरा संख्या 690/169 तादादी 1.0370 हेक्टेयर, खसरा संख्या 691/165 तादादी 1.8464 हेक्टेयर कुल चार खसरान कुल तादादी 14.1513 हेक्टयर में अंकित खातेदार मुकेश पुत्र बुद्धरराम की बजाय रेखा राम पुत्र बुद्धर राम जाति जाट निवासी ग्राम दूंकर तहसील बीदासर दर्ज करने के आदेश दिये जाते हैं, तहसीलदार बीदासर को प्रतिलिपि पालनार्थ भेजी जावे।

निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बीदासर जिला-चूरू

उपखण्ड अधिकारी
बीदासर (चूरू)
उपखण्ड अधिकारी
बीदासर